तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026

10 दुधली में भाजपा मंडल का वी बी जी राम जी पर कार्यशाला हुई



8 पहली बरसात में ही बह गया था तालाबों का सौंदर्यीकरण...





## खबर संक्षेप

### मुन्देरा में एक दिनी कबीर सत्संग समारोह एवं यज्ञ चौका आरती आज



**बालोद/कलंगपुर।** कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासी मुन्देरा के तत्वावधान में 10 फरवरी मंगलवार को एक दिवसीय कबीर सत्संग समारोह व सात्विक यज्ञ चौका आरती का आयोजन किया गया है, साथ ही कबीर आश्रम में बाऊण्डरीवाल का लोकार्पण कार्यक्रम दोपहर 1 बजे आमंत्रित अतिथियों के सानिध्य में सम्पन्न होगी। कबीर सत्संग समारोह का आयोजन सदगुरु कबीर आश्रम में प्रवचन कार्यक्रम का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। जिसमें प्रवचन कर्ता सुधाकर शास्त्री साहेब खरसिया रायगढ़ के सानिध्य में संपन्न होगा।

### अस्थि बाधित दिव्यांगजनों के लिए 12–13 को निःशुल्क बायोनिक हाथ शिविर

**बालोद।** अस्थि बाधित दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ बायोनिक हाथ उपलब्ध कराने 12 एवं 13 फरवरी को चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अस्थि बाधित दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ बायोनिक हाथ प्रदाय किया जाएगा। जिसके अंतर्गत अस्थि बाधित दिव्यांगजनों कोहनी से कलाई के बीच कटे हाथ वाले दिव्यांगजनों का 12 एवं 13 फरवरी को समाज कल्याण विभाग के परिसर में दिव्यांगजनों का चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला, निजी क्षेत्र में मिलेंगे रोजगार के अवसर

**बालोद।** संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण नवा रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को रूंगटा इंजीनीयरिंग कॉलेज कोहका भिलाई में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों में चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदकों को उक्त रोजगार मेला में शामिल होने के लिए विभाग की वेबसाईट ईरोजगार डॉट सीजी डॉट इन पर आवेदन किया जाना अनिवार्य है। इसके साथ ही रोजगार मेला में आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं रोजगार पंजीयन कार्ड की छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। इस संबंध ▶▶ शेष पेज 08 पर

# नगर पंचायत गुण्डरदेही की सामान्य बैठक में विकास प्रस्तावों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही के सभाकक्ष में सोमवार को अध्यक्ष प्रमोद जैन की अध्यक्षता में प्रेसिडेंट–इन–काउंसिल और परिषद की सामान्य बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में नए मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर की उपस्थिति में नगर के विकास और लंबित योजनाओं को लेकर गंभीर चर्चा हुई और कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। नगर में सर्वसुविधायुक्त शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण हेतु प्राप्त निविदाओं पर विचार किया गया। न्यूनतम दर वाली निविदा का अवलोकन कर उसके अनुमोदन पर सहमति बनी, जिससे जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## ओवरब्रिज विस्थापितों का होगा समुचित पुनर्वास



### नामांतरण एवं पेंशन योजना

भवन और मकानों के नामांतरण हेतु लंबित आवेदनों की समीक्षा कर उन्हें स्वी—ति प्रदान की गई। साथ ही विभिन्न सामाजिक सहायता एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना के नए आवेदनों पर विचार कर पात्र हितग्राहियों को लाभ देने का निर्णय लिया गया। **गोधन न्याय योजना:** बैठक में गोधन से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर भेजने पर भी सहमति बनी। बैठक में सब–इंजीनियर पाठक, पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, रामबती सोनकर, सलीम खान, हेमलता सोहन सोनी, पूजा बिंझेकर, फैज बख्श, रोमलाल यादव सहित कैशियर, लेखापाल और नगर पंचायत के अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### ओवरब्रिज विस्थापितों का व्यवस्थापन

नगर में प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण के कारण प्रभावित होने वाली सब्जी मंडी, गुमटी और मुगएँ दुकानों के पुनर्वास पर विशेष चर्चा हुई। परिषद ने निर्णय लिया कि प्रभावित दुकानदारों के लिए व्यवस्थित दुकान निर्माण कर उनका उचित व्यवस्थापन किया जाएगा ताकि उनका रोजगार प्रभावित न हो।

## पुलिस की अपील: शराब पीकर वाहन न चलाएं, आपके और दूसरों के लिए जानलेवा

# शराबी वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई 7 चालकों पर 80 हजार का जुर्माना, 6 के लाइसेंस होंगे निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



बालोद पुलिस द्वारा शाम के समय अभियान चलाकर शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 07 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। न्यायालय द्वारा 80,000 रू. का अर्थदण्ड दिया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 96 वाहन चालकों पर भी 13,400 रूपये की चालानी कार्यवाही किया गया। 06 वाहन चालकों का लायसेंस 06 माह के लिए निलंबित किया जाना है और एक चालक और मालिक को बिना लाइसेंस चलाना और चलाने देने पर 10000 रुपये का अर्थ दण्ड हुआ।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम जनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन चलाने पर अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इस अभियान के दौरान विशेष तौर पर शांम के समय शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 07 शराबी वाहन चालकों पर कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया, न्यायालय द्वारा आरोपी वाहन चालकों को कुल 80,000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 06 वाहन चालकों का लायसेंस 06 माह के लिए निलंबन करने के लिए परिवहन विभाग को पत्र प्रेषित कर निलंबन की कार्यवाही की रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 96 वाहन चालकों पर भी कार्यवाही कर 13,400रू. की चालानी कार्यवाही भी किया गया है। यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील किया जा रहा है कि शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले हमेशा यातायात नियमों का पालन करे आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात पुलिस बालोद आम नागरिकों से अपील करता है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

## जामगांव आर-गुण्डरदेही जर्जर मार्ग के नवीनीकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

■ सीएम के नाम सौपा ज्ञापन

जामगांव आर से गुण्डरदेही तक लगभग 15 किलोमीटर अत्यंत जर्जर मार्ग के शीघ्र नवीनीकरण व नए निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि जामगांव आर गुण्डरदेही मार्ग लगभग 20 ग्रामों के आवागमन का प्रमुख साधन होने के साथ छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को जोड़ने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। कई वर्षों से यह मार्ग अत्यंत जर्जर अवस्था में है जिससे आम नागरिकों विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों, मरीजों तथा आपातकालीन सेवाओं मे भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खराब स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिससे जन–धन की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। पूर्व में कई बार संबंधित विभागों एवं प्रशासन को आवेदन एवं ज्ञापन दिए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है, जिससे क्षेत्रवासियों ▶▶ शेष पेज 08 पर

# डेंगरापार के विशाल हिंदू सम्मेलन में एकता और सद्भावना का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ सनातन धर्म और सांस्कृतिक विरासत संरक्षण पर जोर

जगन्नाथपुर मंडल अंतर्गत ग्राम डेंगरापार में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य सनातन धर्म के अनुयायियों को सक्रिय करना, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखना और समाज को एकजुट कर संगठन ही शक्ति है का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी अपनाने और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। देशभर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अन्य हिंदू संगठनों द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से सामाजिक जागरुकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सम्मेलन में हिंदू जागरण और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर भी चर्चा करते हुए समाज के सभी वर्गों से राष्ट्रहित और सामाजिक एकता में सहयोग की अपील की गई। सम्मेलन में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाहक संतोष साहू थे। भागवत कथा के परायणकर्ता पंडित अश्वनी तिवारी और द्विवेदी महाराज ने धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य डॉ. हरदेल, आदिवासी समाज रामकुमार खरे, सेन समाज प्रकाश भारद्वाज, यादव समाज बोधन यादव, साहू समाज कार्तिक साहू, निर्मलकर समाज इंजू निर्मलकर, महार समाज चोवा राम सिंघारे, ग्राम सचिव कीर्तन साहू और थामेश्वर तारण सहित कई सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में सामाजिक एकजुटता और सांस—तिक चेतना का संदेश प्रसारित किया। आयोजन के दौरान गांव की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपी साहू, राजेंद्र खरे, बीरबल डॉ., दुर्गेश निर्मलकर, हरीश भारद्वाज, नोबल, ऐशु साहू, अनुराग, बीरेंद्र साहू, वंश केराम, महेंद्र साहरे सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों और महिला कमांडो टीम उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभाविप प्रांत सहमंत्री मनीषा राणा ने किया।

## गोंड समाज की संस्कृति और परंपराओं की विधायक ने की सराहना

# बालोद में गोंड़ आदिवासी समाज का वार्षिक सम्मेलन संपन्न, विधायक संगीता रहीं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ देवी–देवताओं की पूजा कर समाज की खुशहाली की कामना



संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा छत्तीसगढ़ गोड़वाना गोड़ महासभा तहसील बालोद द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन में शामिल होकर आदिवासी समाज के देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर समाज की खुशहाली की कामना की। उन्होने कहा गोंड आदिवासी समाज के कार्यक्रम से सभ्यता, संस्कृति का बोध होता है। आदिवासी समाज के लोग स्वभाव से सरल व सहज होते है। गोंड आदिवासी समाज अपने विचारों पर चलने वाला समाज है। विधायक ने आगे कहा सत्ता में आने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने जिन वायदों क सहारा लिया था, उसमें वह पूरी तरह से विफल हैं। जनता के साथ छल करने वाले सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। प्रदेश में आदिवासी असुरक्षित हैं।

उन्हे जल, जंगल जमीन से बेदखल किया जा रहा रहा। सरकार अपने रवैए से बाज आए और आदिवासी ही नहीं आम लोगों के हित काम का करना सुनिश्चित करे। उन्होने आगे कहा आदिवासी अधिकारों को बचाना है। यह मंच आदिवासी समुदाय को एकजुट होकर अपने संसाधनों पर हक, शिक्षा, और सामाजिक–राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए संघर्ष करने का आह्वान करता है। जल, जंगल और जमीन प्राकृतिक धरोहर की सुरक्षा, जो आदिवासियों की जीवनशैली का आधार है। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष नरेन्द्र सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, महामंत्री रोहित सागर, जनार्दन निषाद, रामू मंडावी, समाज के पदाधिकारी सहित समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

## आज लोकार्पण और भूमिपूजन में शामिल होंगे विधायक कोर्सेवाड़ा

**भिलाई।** विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा 9 फरवरी को जिले के विभिन्न क्षेत्रों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे प्रशासनिक, सामाजिक और विकासात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक वे भिलाई-3 कार्यालय में उपस्थित रहेंगे, जहां आमजन से मुलाकात और आवश्यक विषयों पर चर्चा करेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे वे ग्राम मोहन्दी में राजा शर्मा जी के निवास पर आयोजित बरसी कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2.30 बजे लहंगा गांव में यादव समाज के सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति रहेगी। शाम 4 बजे ओटेबन्द में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## निर्माण कार्यों के लिए 55 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के 13 विकास कार्यों के लिए 55 लाख 98 हजार 536 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्र. 43 बापूनगर, खुर्सीपार में शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समीप सार्वजनिक उद्यान का सौंदर्यीकरण एवं प्रकाश व्यवस्था कार्य हेतु 15 लाख रूपए, वार्ड क्र. 39 चन्द्रशेखर आजाद नगर खुर्सीपार पूर्व में शासकीय मद से निर्मित सावर्जनिक मंच में टाईल्स एवं रंगरोगन कार्य हेतु 99 हजार 835 रूपए, वार्ड क्र. 47 न्यू खुर्सीपार भिलाई काली बाड़ी में सार्वजनिक भवन का संधारण कार्य हेतु 4 लाख रूपए, वार्ड क्र. 50 शास्त्री नगर खुर्सीपार यादव पारा पानी टंकी के पास (20 इनटू 30) सार्वजनिक मंच एवं डोमशेड

# लक्ष्य बढ़ने के बाद नगर निगम दुर्ग की वसूली 48.78 प्रतिशत पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

आयुक्त सुमीत अग्रवाल के सख्त दिशा-निर्देशों के परिणामस्वरूप नगर पालिक निगम दुर्ग के राजस्व विभाग द्वारा विगत वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। माह जनवरी 2026 तक राजस्व वसूली में 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो विभाग की सक्रियता और अनुशासित कार्यप्रणाली को दर्शाती है।

लक्ष्य में वृद्धि के बावजूद वसूली प्रतिशत बेहतर है। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष राजस्व वसूली का लक्ष्य 2549.08 करोड़ से बढ़ाकर 3581.08 करोड़ निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद जहां पिछले वर्ष इसी अवधि तक 45.02 प्रतिशत वसूली हुई थी, वहीं इस वर्ष 31 जनवरी 2026 तक 48.78 प्रतिशत राजस्व वसूली की जा चुकी है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी वर्तमान में शासन की विभिन्न योजनाओं में संलग्न हैं। इनमें निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर कार्य, राशन कार्ड सत्यापन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन तथा श्रमयोगी मानधन योजना के अंतर्गत वार्डों में शिविर लगाकर नागरिकों को जानकारी देना शामिल है। इन सभी दायित्वों के बावजूद राजस्व वसूली में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है।

**नल विच्छेदन व सीलिंग की कार्रवाई से शत-प्रतिशत वसूली का है लक्ष्य**

### 190.917 प्रतिशत की गई बकाया राजस्व वसूली

नगर निगम दुर्ग द्वारा विगत 10 माह में बकाया राशि की वसूली पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप 31 जनवरी 2026 तक 190.917 प्रतिशत बकाया राजस्व वसूली की गई है, जो पूर्व वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। सनहाल की वसूली प्रतिवर्ष जनवरी से मार्च के मध्य की जाती है। इसके लिए निगम द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।




### बकायादारों की सूची तैयार कर वार्डवार वसूली अभियान प्रारंभ

संबंधित कर्मचारियों को मौखिक एवं लिखित निर्देश जारी नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रगति की निगरानी वसूली टीम के साथ नल कनेक्शन विच्छेदन टीम भेजी जा रही है बकाया, सनहाल जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन काटने एवं दुकानों को सील करने की कार्यवाही। इन कदमों से आगामी दो माह में लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाएगी। उक्त कार्यवाही की जानकारी प्रतिदिन नगर निगम वाहनों के माध्यम से मुनादी कर आमजन तक पहुंचाई जा रही है, जिससे नागरिकों में जागरूकता बढ़े और शत-प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

### राज्य शासन ने वर्ष 2023-24 में तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए राशि की थी मंजूर

# पहली बरसात में ही बह गया था तालाबों का सौंदर्यीकरण, 7 माह बाद भी नहीं निकाला मलबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

**बमनीन तालाब व बंधवा तालाब के जीर्णोद्धार का है मामला**


नगर निगम भिलाई-चरोदा के अंतर्गत आने वाले बमनीन तालाब और बंधवा तालाब करीब सात महीने पहले बारिश में ढह गई थी, लेकिन आज तक मलबा नहीं हटाया गया।

राज्य शासन ने वर्ष 2023-24 में शहर के इन दो प्रमुख तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए मोटी रकम मंजूर की थी। बंधवा तालाब के लिए 98 लाख रुपए और बमनीन तालाब के लिए 92 लाख रुपए स्वीकृत हुए। उद्देश्य था शहर की जल संरचनाओं को सुरक्षित और आकर्षक बनाना। हकीकत यह है कि जून 2025 की पहली बारिश ने ही निर्माण की गुणवत्ता की पोल खोल दी। दीवार रेलिंग सहित भरभराकर गिर गई और आज भी वही मलबा तालाब के पानी में डूबा हुआ है। सात महीने गुजर जाने के बाद भी नगर निगम प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।



### मलबा जस का तस, लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़

स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब की दीवार गिरने से न सिर्फ सौंदर्य प्रभावित हुआ है, बल्कि सुरक्षा का भी खतरा बना हुआ है। बच्चों और राहगीरों के लिए यह स्थिति कभी भी हादसे में बदल सकती है। तालाबों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अब तक एक ईंट भी दोबारा नहीं लगी। सात महीने बाद भी मलबा तालाब में पड़ा है।



### 100 फीट दीवार ढही, 7 महीने बाद भी मरम्मत नहीं

नगर निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र में बमनीन और बंधवा तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा था। बमनीन तालाब वार्ड 7 और 9 से और बंधवा तालाब वार्ड 7, 8 और 17 से जुड़ा हुआ है। दोनों तालाबों में आधे से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका था और ठेकेदार को लगभग आधा भुगतान भी कर दिया गया था। इसी बीच 16 जून 2025 को हुई पहली तेज बारिश ने पूरे निर्माण की हकीकत सामने ला दी। बारिश के दौरान बमनीन तालाब की दीवार भरभराकर ढह गई।वहीं बंधवा तालाब के किनारे लोगों के चलने के लिए पेवर ब्लॉक लगाए गए थे, वह भी बारिश में बह गया। बताया जाता है कि निर्माण के दौरान नींव को पर्याप्त मजबूत नहीं किया गया था, जिसकी वजह से दीवार बारिश का दबाव नहीं झेल पाई। हैरानी की बात यह है कि घटना को करीब सात महीने बीत चुके हैं, लेकिन नगर निगम भिलाई-चरोदा प्रशासन की ओर से बंधवा तालाब के जीर्णोद्धार लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आज भी मलबा तालाब में पड़ा हुआ है। वहीं स्थानीय पार्षद द्वारा निगम प्रशासन को बार-बार बोलने के बाद बमनीन तालाब में कार्य प्रारंभ हुआ है। जबकि बंधवा तालाब का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ।

### बमनीन तालाब का कार्य प्रारंभ हुआ है

निगम इंजीनियर को कई बार बोलने के बाद दो दिन पूर्व ही बमनीन तालाब में कार्य प्रारंभ हुआ है। तालाब में पानी ज्यादा है। पानी कम करने के बाद तालाब में डूबे दीवाल को बाहर निकाला जाएगा। बंधवा तालाब का कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है।

**-कुसुम विपिन चन्द्राकर**, पार्षद वार्ड-9, भिलाईतीन-चरोदा

# पानी की गुणवत्ता जांच के लिए नियमित की जा रही सैंपलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

शहर में चिन्हित बड़े लीकेज को निरंतर सुधार कार्य किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। निगम क्षेत्र में स्थित 21 ओवरहेड टैंक, 9 संपवेल, 11, 24 और 42 एमएलडी क्षमता वाले फिल्टर प्लांट के सैडिमेंटेशन टैंक की सफाई का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य होली के पूर्व पूर्ण किया जाने जा लक्ष्य है।

- निगम में नालियों से गुजरने वाली पाइपलाइन हटाने प्रस्ताव तैयार

निगम प्रशासन के अनुसार सभी टैंकों से जल आपूर्ति प्राप्त करने वाले अंतिम छोर के घरों तक नियमित रूप से पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं, जिन्हें पीएचई विभाग को गुणवत्ता जांच के लिए नियमित रूप से भेजा जा रहा है। इसके साथ ही शहर के सभी हैंडपंपों के जल सैंपल भी लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच की जा रही है। गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर उसे तत्काल बंद कर आवश्यकता अनुसार उस जगह टैंकर से जल आपूर्ति किया जाएगा। जल विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार गंदे पानी की लगभग 90 प्रतिशत शिकायतें हितग्राहियों के घरों तक जाने वाली पाइप लाइन के नाली से होकर गुजरने और लीकेज के कारण होती हैं।

ऐसी शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित लाइन को डिस्कनेक्ट कर हितग्राही को नई पाइपलाइन बिछाने सूचित किया जाता है। नगर निगम द्वारा दुर्ग निगम क्षेत्र में विभिन्न नालियों से गुजरने वाली पाइप लाइनों को हटाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिससे भविष्य में जल प्रदूषण की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। वहीं पाइन लाइन के कारण नालियों के जाम होने से गालियां और सड़को में गंदा पानी ओवरफ्लो होने की शिकायत से निजात मिल सके।

## विकास कार्यों के लिए सांसद निधि से 15 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा सांसद स्थानीय निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के दो निर्माण कार्य के लिए 15 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लोकसभा सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आमटी के कोसरिया पारा में सामुदायिक भवनके लिए 12 लाख और सिरसाखुर्द के श्री साजा रावत मंदिर प्रांगण में शौचालय निर्माण के लिए 3 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# अण्डा के आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया वजन त्योहार





**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2, 3, 4 एवं 5 में वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन्म से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापी गई, जिससे बच्चों के पोषण स्तर का आकलन किया जा सके।

वजन त्यौहार के दौरान प्रतिनिधि शिक्षक, एएनएम, स्वास्थ्य मितानिन एवं अन्य ग्रामों से आई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों का वजन लेने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक विकास की निगरानी कर कुपोषण की पहचान एवं समय पर सुधार करना रहा। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में कार्यकर्ता तारिनी ढीमर एवं जुलेखा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक डी.पी. चन्द्राकर, प्रधान पाठक एवं नोडल अधिकारी चन्द्रहास साहू उपस्थित रहे। मितानिन कमलेश्वरी सिन्हा, राधिका सिन्हा, कार्यकर्ता दालेश्वरी देशमुख एवं युगेश्वरी साहू ने भी सहयोग किया। अण्डा-02 केंद्र में डी.पी. चन्द्राकर, भानु चन्द्राकर, भारती, वार्ड पंच सुरजा निर्मलकर, कार्यकर्ता जानकी साहू एवं सक्रिय महिला तृप्ति देशमुख की उपस्थिति रही। वहीं अण्डा क्षेत्र की कार्यकर्ता शकुन साहू, कुसमा ठाकुर ने भी कार्यक्रम में योगदान दिया। अण्डा-03 केंद्र में दीपिका चौहान, गिरजा जोशी (मितानिन), रमशीला कुरे, सबिता चौहान, द्रोपती तारक, रीना यादव (स्वास्थ्य विभाग), लता एवं प्रियंका चन्द्राकर मौजूद रहीं।

- बच्चों की ऊंचाई व वजन की हुई जांच

अण्डा-05 केंद्र में उषा साहू एवं धर्मिन साहू द्वारा बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापने का कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को बच्चों के पोषण, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया गया। वजन त्यौहार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# विद्युत विभाग ने कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्यार्थियों में ऊर्जा संरक्षण, विद्युत सुरक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शास. वि या ता स्नातस्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग द्वारा महाविद्यालय परिसर में नारा लेखन, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विद्युत के विवेकपूर्ण उपयोग एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। विद्युत विभाग दुर्ग के कार्यकारी अभियंता छगनलाल शर्मा, रवि दानी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विद्युत संरक्षण, ऊर्जा बचत तथा सुरक्षित विद्युत उपयोग पर उद्बोधन दिया। प्राचार्य ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए। विभागाध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला ।

नारा लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बिजली बचाओ–भविष्य बचाओ, सुरक्षित बिजली, उज्ज्वल जीवन जैसे नारों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। निबंध प्रतियोगिता का विषय सौर ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा के रूप उपयोग पर आधारित था। विद्यार्थियों ने तार्किक, तथ्यात्मक एवं विचारोत्तेजक निबंध लेखन किए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और चित्रों के माध्यम से विद्युत सुरक्षा एवं ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। बनाए गए पोस्टर अत्यंत आकर्षक एवं संदेशपरक रहे, जिनकी सभी ने प्रशंसा की। प्रश्न मंच के अंतर्गत विद्युत से संबंधित सामान्य ज्ञान, सुरक्षा उपाय एवं ऊर्जा संरक्षण पर आधारित प्रश्न पूछे गए। इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। जिसमें प्रथम नेहा मंडावी, द्वितीय अक्षत श्रीवास्तव, तृतीय स्थान पर दीपांशु देवांगन, सांत्वना पुरस्कार नितेश कुमार एवं रश्मि साहू को प्राप्त हुआ। सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विद्युत विभाग द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया गया।

# प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष किए जाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह निर्मलकर,जिला सचिव गिरीश देवांगन, डौंडीलोहारा ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह कोलियारे, तहसील अध्यक्ष मनसुख दास साहू,भुधर जोशी ने छत्तीसगढ़ में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने की मांग मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री से किया है।

- शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने की दिशा में पहल
- वरिष्ठ शिक्षकों के अनुभव से विद्यार्थियों को फायदा



फेडरेशन ने मुख्य रूप से अनुभवी शिक्षकों की कमी को पूरा करने, शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने और यूजीसी के नियमों के अनुरूप समानता लाने यह मांग किया है। फेडरेशन का कहना है कि यदि यह निर्णय लिया जाता है तो इससे अनुभवी शिक्षकों के ज्ञान का लाभ एलिमेंटरी एडुकेशन, माध्यमिक शिक्षा सहित हाई/हायर सेकंडरी शिक्षा व्यवस्था को लंबे समय तक मिलेगा। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने से अनुभवी विषय शिक्षकों की कमी को पूरा करने सहायक होगा। राज्य के स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों के रिक्त पदों की कमी को अनुभवी शिक्षकों की सेवानिवृत्ति अवधि बढ़ाकर दूर किया जा सकता है। साथ ही,वरिष्ठ शिक्षकों के दशकों के अनुभव और रचनात्मकता का लाभ विद्यार्थियों को लंबे समय तक मिलेगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और यूजीसी के द्वारा कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित किया गया है। जिसे स्कूल शिक्षा विभाग में भी लागू करने की आवश्यकता है। इससे बुनियादी शिक्षा मजबूत होगा। उन्होंने बताया अनेक शिक्षक ऐसे हैं जिनका सेवाकाल 33 वर्ष पूरा नहीं हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि 1 जुलाई 2018 से संविलियन तिथि से समस्त सेवालाभ के लिए गणना करने के आदेश से कई शिक्षक सेवानिवृत्ति के समय न्यूनतम पेंशन की पात्रता से भी वंचित हो रहे हैं। लेकिन सेवानिवृत्ति आयु बढ़ने से वे इस लाभ के पात्र हो सकते हैं।

# नवोदय विद्यालय में दाखिले के लिए 257 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा



**दुर्ग।** नवोदय विद्यालय समिति द्वारा द्वारा आयोजित कक्षा नवमीं और ग्याहरवीं की लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा ली गई। दुर्ग जिले के दो परीक्षा केंद्रों में यह परीक्षा आयोजित हुई। पहला परीक्षा केंद्र पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई रहा। इस केंद्र में कक्षा 9 वीं के लिए कुल 168 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 109 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। कक्षा 11वीं में कुल 123 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 90 विद्यार्थी उपस्थित हुए। दूसरा परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस नगपुरा में परीक्षा अयोजित की गई। यहां कक्षा 9 वीं के लिए कुल 221 वद्यिार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 148 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस प्रकार दुर्ग जिले में कक्षा 9 वीं हेतु कुल 389 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 257 विद्यार्थियों ने परीक्षा दीद्ध जबकि कक्षा 11 वी में कुल 123 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 90 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा का आयोजन नवोदय विद्यालय समिति के दिशा.निर्देशन एवं जिला कलेक्टर दुर्ग एवं जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में परीक्षा प्रभारी प्रीति मिश्रा एवं विद्यालय प्राचार्य श्रीशंकर प्रसाद की देखरेख में संपन्न कराया गया।



## रामायण प्रतियोगिता में पहुंचे मंडल के अतिथि

**जामगांवआर।** चुलगहन में त्रिदेव मानस दान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजन में बतौर अतिथि कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत, लालेश्वर साहू अध्यक्ष साहू संघ पाटन, नारद साहू भाजयुमो अध्यक्ष दक्षिण पाटन, भानुप्रिया साहू महिला उपाध्यक्ष परि साहू संघ जामगांव आर, नीलेश्वरी साहू अभिषेक सेन आदि पहुंचे।आयोजन समिति के पदाधिकारी बेनीराम साहू, पुरेंद्र रघुवंशी, नारायण यादव, अशोक कुलदीप, घनश्याम, संतोष रघुवंशी, आत्मा साहू,मनीष चौहान, पुरुषोत्तम साहू, पवन कुमार,डे साहब रघुवंशी आत्मीयता के साथ भव्य स्वागत किए। अतिथियों ने कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श है मर्यादा मय जीवन जीने की कला हमे श्री राम से प्राप्त होती है।

# पक्के घर का सपना हुआ साकार, संघर्ष व धैर्य से मिली सफलता

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 जरुरतमंद परिवारों के लिए केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव साबित हो रही है।



नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड 56 आमा पारा बघेरा निवासी दीक्षा सोनी को योजना के अंतर्गत पक्का मकान मिला है। साधारण आर्थिक स्थिति वाले परिवार से जुड़ी दीक्षा सोनी का जीवन वर्षों तक संघर्षों से भरा रहा। ज्वेलर्स के कार्य पर निर्भर परिवार की सीमित आय के चलते वे अपने परिवार के साथ किराये के छोटे से मकान में रहने को मजबूर थी। हर माह किराया चुकाने की चिंता, मकान मालिक की शर्तें और अस्थायी जीवन की मजबूरी ने उनके मन में हमेशा असुरक्षा की भावना बनाए रखी। त्योहार हो या बरसात का मौसम, एक ही सवाल मन में उठता था कब होगा हमारा भी अपना घर किराये के मकान में रहते हुए बच्चों का भविष्य, परिवार की सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन की कल्पना करना भी कठिन लगता था। कई बार हालात इतने मुश्किल हो जाते थे कि अपने घर का सपना अधूरा ही प्रतीत होता था, लेकिन दीक्षा सोनी ने कभी हार नहीं मानी। इसी संघर्षपूर्ण समय में उनके लिए आशा की नई किरण बनकर सामने आई।

## 74 हजार से बढ़कर 8.5 लाख हुए कृषक उपभोक्ता : गजेंद्र यादव

**दुर्ग.** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र द्वारा शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के राधाकृष्ण सभागार में भव्य क्षेत्रीय समारोह का आयोजन किया गया।

# दुर्ग जिला भाजपा की नई कार्यकारिणी का विस्तार, कर्मठ कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति तथा संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही व जिला प्रभारी नंदन जैन के अनुमोदन से जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रवक्ता जिला सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, प्रवक्ता नितेश साहू, अरुण सिंह, रजा खोखर, रितेश शर्मा, मन की बात प्रभारी संतोष सोनी, लोकमणी चंद्राकर, कंचन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सह मीडिया प्रभारी संजय सेंगर, सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव, सहसंयोजक आदित्य चौबे, अविनाश राजपूत, आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत, उमेश गिरी गोस्वामी, जूही चंद्राकर, मदन वढाई, संवाद प्रभारी विक्रम प्रताप ठाकुर, संजय शुक्ला, सूचना प्रभारी प्रीति राजपूत, सूचना सह प्रभारी लेखिका अढतिया आदि शामिल हैं।

## पेज 7 के शेष

### जामगांव आर-गुण्डरदेही ...

में गहरा रोष व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र के समस्त ग्रामीणजनों ने एक स्वर में मुख्यमंत्री एवं प्रशासन से आग्रह किया कि जनहित, सुरक्षा एवं क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए जामगांव आर गुण्डरदेही मार्ग का शीघ्र नवीनीकरण अथवा नवीन सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई, तो वे जन आंदोलन, धरना–प्रदर्शन एवं चक्का जाम जैसे लोकतांत्रिक कदम उठाने को विवश होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालो मे पूर्व जनपद सदस्य संजय साहू, सलीम खान, रवि तिवारी, रामेश्वर चन्द्राकर जनपद सदस्य, हेमन्त चन्द्राकर, मनीष तिवारी, रमीज रज़ा,केवलचन्द साहू, दिमेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू, भोजराम, गजेंद्र निर्मलकर, धनंजय साहू, अलखराम साहू, लेखराम चन्द्राकर, प्रताप ठाकुर, हरबंस साहू, नंदकिशोर ठाकुर, सूर्यकांत ठाकुर, राकेश साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला...

में अधिक जानकारी ई–रोजगार पोर्टल की वेबसाईट ईरोजगार डॉट सीजी डॉट इन या जिला रोजगार कार्यालय बालोद से संपर्क कर प्राप्त सकते है।

## खबर संक्षेप

### तटपर झांकी मटिया (अ) में 13 को

**अंडा।** महाशिवरात्रि के पूर्व ग्राम मटिया (अ) में 13 फरवरी शुक्रवार को शाम 7 बजे दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी तटपर का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की जानकारी हेमशंकर चौधरी, सतीश साहू और लोकेंद्र साहू ने दिया। कार्यक्रम में शामिल होने आसपास गांव सहित जनमानस को आमंत्रित करते पंचायत प्रतिनिधि पंकज चौधरी ने आव्हान किया है।

### 1 रुपए में सोनोग्राफी महाशिवरात्रि से शुरू

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने अपने क्षेत्र की महिलाओं के स्वास्थ्य और सुलभ चिकित्सा देखते हुए गर्भवती महिलाओं के लिए मात्र 1 रुपये में सोनोग्राफी की सुविधा शुरू करने का फैसला लिया है। इस योजना का शुभारंभ 15 फरवररी को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए जीरो रोड शांति नगर स्थित विधायक कार्यालय में अवकाश दिवस छोड़ कर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक टोकन लेना होगा। टोकन लेने के लिए आधार कार्ड और चिकित्सक द्वारा दी गई रेफर पर्ची भी लाना होगा। टोकन मिलने के बाद मात्र 1 रुपये में सोनोग्राफी कराई जा सकेगी। 15 फरवरी के दिन ही एक और योजना का शुभारंभ होने जा रहा है जिसमें मात्र 1 रूपये में डायलिसिस भी होगा। इसके अलावा 25 दिसंबर से लगातार फ्री ब्लड टेस्ट सुविधा के तहत 31 प्रकार के टेस्ट हर दिन किए जा रहे हैं। इसके अलावा विधायक कार्यालय से 2 अप्रैल से मात्र 1 रुपये में पॉवर वाला चश्मा भी लोगों के लिए शुरू करने की घोषणा वो कर चुके हैं।

### डॉ. बघेल कॉलेज के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई।** डॉ. खूबचन्द बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 के इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की प्रवीण सूची में अपना स्थान बनाया। इतिहास विभाग की तीन मेधावी छात्रों ने विश्वविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय और विभाग का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि में श्रृंखला नाईक ने द्वितीय स्थान, नम्रता वर्मा ने तृतीय स्थान तथा तरणी देवदास ने दसवां स्थान प्राप्त कर प्रवीण सूची में स्थान बनाया है।

### एनआरआई की पत्नी से 31 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** जमीन दिखाकर इकरारानामा कर उसे दूसरे व्यक्ति को बेचकर एनआरआई की पत्नी के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने ठगी का अपराध कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि सुंदर नगर कोहका निवासी बुशरा कौसर ने पुलिस में शिकायत किया है कि नगपुरा पटवारी हल्का नंबर 29/59/2 में स्थित भूमि खसरा नंबर 464, 465, 466, 467/2 क्षेत्रफल 2.5 एकड़ है। जलेबी चौक छावनी निवासी ज्ञानेन्द्र कुमार ने इकरारनामा 31 मार्च 2021 को किया, इसे चेक के माध्यम से 18 लाख 50 हजार रूपये और आनलाईन ट्रांजेक्शन से 5 लाख 29 हजार रुपए दिया। इसके अलावा 7 लाख 21 हजार रूपये नगद ज्ञानेन्द्र कुमार को दिया गया।

## ग्राम रूदा में शिव महापुराण की बयार सत्कर्म ही मोक्ष का मार्गः पंडित उपाध्याय

**आडंबर छोड़ सच्ची भक्ति का आह्वान, बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे उपस्थित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



स्व लक्ष्मण देशमुख व स्व कौशल्या देशमुख के स्मृति में ग्राम रूदा में शिव महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमें कथा वाचक पंडित कृष्ण कुमार उपाध्याय द्वारा शिव कथा की महिमा श्रोताओ को बता रहे है। उन्होंने कहा कि सत्कर्म करने के साथ मानव को अपने मोक्ष की तैयारी भी इसी जीवन में करनी चाहिए, क्योंकि कलयुग केवल नाम आधारा है, जप से भक्ति मिल जाएगी, शिव पुराण की कथा जिसमें जीव सच्चे मन से कथा श्रवण करें तो शिवजी प्रसन्न होते हैं क्योंकि शिव महापुराण स्वयं कल्पवृक्ष के समान है। जिसमें सुख, समृद्धि, आनंद सहित वंश वृद्धि का फल मिलता है। शिव पुराण में 24000 श्लोक हैं।

शास्त्रें में उल्लेख है कि देव, दनुज, ऋषि, महर्षि, संत, गंधर्व वर्ण, किन्नर, ब्रह्मा विष्णु तक महादेव को उपासना करते हैं, शिव पुराण सरल और उत्तम शास्त्र है, जिसका श्रद्धापूर्वक पठान श्रवण करें तो शिव की भक्ति कृपा जरूर मिलती है, माया मोह के संसार में मनुष्य लोभ में आकर मनुष्य अपना हस्तरेखा दिखाकर भ्रम में फंसकर मकड़ी की तरह मायाजाल में फस रहा है। वही क्षण पर खुशी व लालच में हाथों को किसी को दिखाई नहीं बल्कि एक लोटा जल, पुष्प, बेलपत्र शिवलिंग पर हर हर महादेव, शिव मंत्र बोल कर जल चढ़ा कर शिव भक्ती व दीन हीन पर दया निःस्वार्थ सेवा करें तो हस्त रेखा के साथ भाग्य रेखा बदल अवघढ़ दानी, कुबेर भंडारी भोले बाबा की कृपा जरूर मिलेगी, वही कथा में गणेश जी की जन्म कथा को लेकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर तारकेश्वरी देशमुख, अवध राम देशमुख, तारा देशमुख, उत्तम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनकर भाव विभोर होकर भक्ति मय वातावरण में श्रवण कर रहे है।

### मानस गान सम्मेलन में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष तारणी



**बालोद।** क्षेत्र के आध्यात्मिक आयोजनों की श्रृंखला में ग्राम मनकी साल्हे में आयोजित मानस गान सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुई। उन्होने भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना की तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सनातन संस्कृति और वर्तमान सुशासन पर अपने विचार साझा किए। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम इस संपूर्ण जगत के नियंता हैं। उनकी कृपा के बिना पत्ता भी नहीं हिलता। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज प्रदेश और देश में जो सुशासन की सरकार चल रही है, वह वास्तव में प्रभु श्री राम के आशीर्वाद का ही प्रतिफल है। राम राज्य की परिकल्पना को साकार करना ही वर्तमान नेतृत्व का मुख्य ध्येय है। 500 वर्षों के लंबे संघर्ष और प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होना केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं, बल्कि भारत के खोए हुए गौरव की पुनर्स्थापना है। इस ऐतिहासिक घटना से पूरे विश्व में सनातन की शक्ति बढ़ी है और हर हिंदू का मस्तक गर्व से ऊंचा हुआ है। ग्राम मनकी में आयोजित मानस गान प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न मंडलियों ने रामायण की चौपाइयों के माध्यम से ज्ञान की गंगा बहाई। अतिथियों ने मानस के मर्मज्ञों का सम्मान किया और युवाओं से अपील की कि वे रामायण के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। अतिथियों के आगमन पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभापति जिला पंचायत बालोद प्रभा रामलाल नायक सरपंच, प्रेमलाल यादव, अध्यक्ष आयोजक समिति दयाराम पाटिल, उपसरपंच रामनाथ घरेन्द्र, पंच मनीषा ठाकुर, पंच टिकेश्वर साहू, पंच त्रिलोका साहू, पंच कुन्ती बाई साहू, उवस राम साहू, गोरेलाल साहू, गौतम रंगारे उद्घोषक सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## जरवाय के शाला परिसर में छग महतारी की प्रतिमा स्थापित की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण जरवाय में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा की स्थापना की गई। प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिमा दान दाता सेवानिवृत्त प्रधान पाठक वेदप्रकाश यदु थे, अध्यक्षता सरपंच जरवायहेम पुष्पा पटेल ने किया। विशेष अतिथि अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति अश्वनी नारंग, प्रधानपाठक मोहन नेताम व पूर्व सरपंच लता साहू थे।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन अर्चना कर अनावरण कर किया गया। सरपंच ने वेद प्रकाश यदु के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रधान पाठक कार्यकाल में स्कूल की गुणवत्ता और साज सजावट को याद किया और उनके बच्चों के प्रति स्नेह और लगाव की खूब प्रशंसा करते हुए बताया कि यदु जिस जिस स्कूलों में सेवा प्रदान किए और खुद अध्ययन किए उन सभी स्कूलो जैसे पांगारी, डोंगीतराई, जोरातराई, भाठागांव आर और आज जरवाय सहित सभी स्कूलो में आदम कद प्रतिमा का स्थापना करवा कर एक अमिट छाप छोड़ा है जिसका जितना भी प्रशंसा किया जाए वह कम है। वेद प्रकाश यदु ने अपने कार्यकाल के तत्कालीन स्कूल स्टाफ और जनप्रतिनिधियों के सहयोग और मार्गदर्शन को याद करते हुए कहा शैक्षिक और शाला का भौतिक विकास सहकर्मियों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग के बिना संभव नहीं है और ये दोनों उन्हें मिला इसके लिए सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में मणी कुमार डहरिया, पंचायत सचिव करुणा रानी साहू, कमलेश्वर देशलहारा, नीलू यादव, टीकम साहू, दिनु, चुम्मान खेमलाल चुकेश, रमेश, त्रिवेणी, लीलेश्वरी, हिरौदी, संतोषी, हीरा लाल दूज लाल सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## अरमुरकसा में शाखा नहर नाली निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत अरमुरकसा में शाखा नहर नाली निर्माण विकास कार्य का भूमिपूजन जनपद सदस्य मंजू बैंस के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच हलधर गोरे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पटेल रतन लाल ताराम उपस्थित रहे, वहीं ग्राम पंचायत के सभी पंचगण विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच हलधर गोरे द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात पूजा-अर्चना कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। निर्माण कार्य प्रारंभ होने से पूर्व जनपद सदस्य मंजू बैंस के हाथों पहली गैंती चलाकर कार्य का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण में सरपंच हलधर गोरे ने कहा कि ग्राम पंचायत अरमुरकसा विकास की राह पर निरंतर आगे बढ़ रही है। गांव के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विकास कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही ग्राम पंचायत में आधारभूत संरचनाओं का विकास संभव हो पा रहा है। ग्राम पटेल रतन लाल ताराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनपद सदस्य मंजू बैंस के पास जो भी मांग लेकर ग्रामवासी जाते हैं, वे कभी निराश होकर नहीं लौटते। उन्होंने पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस द्वारा कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि नया पारा से मुक्तिधाम जाने वाले मार्ग पर जर्जर पुलिया के पुनर्निर्माण हेतु भी जनपद सदस्य मंजू बैंस द्वारा 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कराई गई है, जिससे ग्रामवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मंजू बैंस ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि उनके जनपद क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों की शुरुआत हो रही है। यह कार्य विकास की एक नई नींव है और आने वाले समय में क्षेत्र को बेहतर विकास के माध्यम से जिले में एक नई पहचान दिलाई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि गांव की प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए वे अपने पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन में हरसंभव प्रयास करेंगी। कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव बीना टेकाम ने किया तथा आभार प्रदर्शन रोजगार सहायक भीष्म धनकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच ओम प्रकाश भूआर्य, लिखन नरवास, दुर्गा रावते, भुनेश्वरी नायक, पूर्व सरपंच सरोज बाई, निर्मला बाई, गोलू जगनायक, लता निर्मलकार, योगेश निर्मलकार, बम्लेश्वरी ताराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।a

- जनपद सदस्य मंजू बैंस रहीं मुख्य अतिथि, गांव विकास की राह पर अग्रसर : सरपंच हलधर गोरे



## ग्राम मुढ़िया में कलार सिन्हा समाज का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज:बालोद

ग्राम मुढ़िया में छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार सिन्हा समाज द्वारा कलश यात्र निकालकर गाजे बाजे के साथ पूरे गांव में भ्रमण कर माता बहादुर कलारिन की आरती एवं ध्वजारोहण किया गया।

- माता बहादुर कलारिन की आरती और ध्वजारोहण के साथ गूंजा गांव

मुख्य अतिथि संरक्षक जिला कलार समाज बालोद ओमप्रकाश गजेन्द्र थे। अध्यक्षता मंडलेश्वर तहसील इकाई देवरी मण्डल जिला बालोद बिसरू राम सिन्हा ने किया। स्वागत समारोह विशिष्ट अतिथि सह. प्रभारी बिलासपुर संभाग भारतीय जनता पाटएँ अभिषेक शुक्ला, सदस्य जनपद पंचायत डौण्डी लोहारा भूपेश नायक, सरपंच ग्राम पंचायत मुढ़िया हरेश कुमार कौशिक, ग्राम पटेल मुढ़िया भंगी राम भुआर्य, सदस्य न्याय समिति अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज ईश्वर लाल भुआर्य, विशेष अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कलार समाज छत्तीसगढ़ दीनदयाल डड़सेना, संरक्षक कलार समाज बालोद चमन सिन्हा उपस्थित थे। अतिथियों ने समाज के बारे में अनेक जानकारी दिया गया, मण्डल स्तरीय मिलन समारोह एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन लिया गया एवं बच्चों के द्वारा क्रार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार सिन्हा समाज ग्राम मुढ़िया के द्वारा बच्चों को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम समाज के समापन समारोह एवं आभार प्रकट अध्यक्षता मण्डलेशवर देवरी मंडल बिसरू राम सिन्हा, क्षेत्रीय अधिकारी क्षेत्र भंडेरा हीरालाल सिन्हा, क्षेत्रधिकारी क्षेत्र खेरथा बाजार जवाहर सिन्हा, क्षेत्रधिकारी क्षेत्र नाहंदा अंगद सिन्हा, मंडल कार्यकारिणी सदस्य देवरी मंडल महेश कुमार सिन्हा, ग्राम प्रमुख मुढ़िया उदय राम सिन्हा व छ.ग डड़सेना कलार सिन्हा समाज ग्राम मुढ़िया रात्रि कालीन कार्यक्रम रामधुनी मंडली के द्वारा दिया गया। यह जानकारी शिव कुमार सिन्हा के द्वारा दिया गया।




## शहीद आरक्षक वसीत कुमार रावटे की स्मृति में गृह ग्राम में स्मारक प्रतिमा स्थापित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहीद आरक्षक एसटीएफ वसीत कुमार रावटे के गृह ग्राम फागुनदाह सिंगनवाही में स्मारक प्रतिमा की स्थापना हुई। शहीद को नमन कर श्रद्धांजलि दी गई।

स्पेशल टास्क फोर्स के शहीद आरक्षक वसीत कुमार रावटे की स्मृति में उनके गृह ग्राम फागुनदाह सिंगनवाही में स्मारक स्थापना व प्रतिमा अनावरण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक अनिला भेड़िया एवं शहीद के परिजन, स्पेशल टास्क फोर्स यूनिट तथा पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्राम के सम्मानित नागरिकगण उपस्थित थे।

शहीद आरक्षक वसीत कुमार रावटे का जन्म 26 अक्टूबर 1991 को जिला बालोद के ग्राम फागुनदाह सिंगनवाही में हुआ था। वे 12 अप्रैल 2016 को छत्तीसगढ़ पुलिस में आरक्षक के पद पर भतएँ हुए तथा 01 नवम्बर 2017 से स्पेशल टास्क फोर्स में सेवाएं दे रहे थे। दिनांक 06 फरवरी 2025 को जिला बीजापुर के थाना फरसेगढ़ क्षेत्र अंतर्गत नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 09 फरवरी 2025 को नेशनल पार्क क्षेत्र में पुलिस बल एवं नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान आरक्षक वसीत कुमार रावटे ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए नक्सलियों का डटकर मुकाबला किया। उन्होंने अपने साथियों की रक्षा करते हुए 06 नक्सलियों को मार गिराया, जबकि अभियान में कुल 31 नक्सली ढेर किए गए। इस दौरान वे वीरगति को प्राप्त हुए।

स्मारक कार्यक्रम में शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बालोद पुलिस की ओर से शहीद के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया।

इस दौरान स्पेशल टास्क फोर्स बघेरा से एडिशनल एसपी आकाश शुक्ला, डीएसपी यादराम बघेल, डीएसपी सतीश धुरवे एवं बालोद पुलिस से डीएसपी राजेश बागड़े, डीएसपी बोनिफास एक्का तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी समेत ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## आईआईएसईआर पुणे में छग के शिक्षकों के लिए हुई कार्यशाला

**शिक्षकों ने बढ़ाया जिले का गौरव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत स्कूल मेंट्रीग बाय हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट योजना के तहत गणित विज्ञान के सेकेंडरी स्तर का वर्कशॉप किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के तीन संभाग से कुल बीस जिले से प्रत्येक जिले से केवल विज्ञान संकाय के 5 शिक्षकों का चयन किया गया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किया एक अभियान है। इसका मुख्य उद्देश्य 6 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के बीच विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी के प्रति जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है।

- गतिविधि एवं प्रयोग आधारित शिक्षण पद्धति पर प्रशिक्षण हुई

इसके तहत गणित एवं विज्ञान शिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी, रोचक एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में राष्ट्रीय स्तर का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रतिष्ठित एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण कार्यक्रम में बालोद जिले से चार व्याख्याता बड़गांव हायर सेकेंडरी स्कूल से कादम्बिनी यादव,भेनुमती चतुर्वेदी, संजारी से अर्पणा वर्मा व चिखली से जगदीश राम साहू ने सहभागिता कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ाया। उनके चयन को शिक्षा क्षेत्र में जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों का सतत मार्गदर्शन शिक्षकों को प्राप्त हुआ, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता और भी प्रभावी रही। राज्य स्तर से आयुक्त किरण कौशल (आईएएस), उपसंचालक ए.के. सारस्वत एवं सहायक संचालक मंजूलता साहू सहित अन्य अधिकारियों का मार्गदर्शन शिक्षकों को मिला। राज्य कॉर्डिनेटर राजेश सोनकर साथ रहे अधिकारियों ने शिक्षकों को नवाचारी शिक्षण पद्धतियों को अपनाने तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर विशेष जोर दिया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में देश के विभिन्न राज्यों से आए चयनित शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गणित एवं विज्ञान विषयों के जटिल सिद्धांतों को सरल, व्यवहारिक एवं छात्र-केंद्रित तरीकों से पढ़ाने की नई तकनीकों से शिक्षकों को परिचित कराना था। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण, प्रयोगात्मक पद्धति तथा जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से विषयों को समझाने की नवीन विधियां सिखाई गईं। प्रशिक्षण में यह विशेष रूप से बताया गया कि गणित और विज्ञान को केवल सूत्रों तक सीमित न रखकर उसे व्यवहारिक जीवन से जोड़कर पढ़ाया जाए, ताकि विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि और समझ दोनों विकसित हो सकें। प्रशिक्षकों ने बताया जटिल विषयों को प्रयोग एवं गतिविधि आधारित तरीको एवं साइंस को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रखने के बजाय प्रयोगात्मक और अनुभवात्मक शिक्षण पर अधिक ध्यान देना आवश्यक है। जिले के शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह अनुभव जिले के अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणादायक बनेगा, सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे शिक्षकों ने राज्य एवं जिले के समस्त आदरणीय अधिकारी,जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, डी एम सी एवं सहायक जिला परियोजना अधिकारी अवन कुमार जांगड़े ,ए पी सी जी एल खुरश्याम,विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा सहायक विकास खण्ड अधिकारी एस के साहू एवं समस्त विद्यालय के प्राचार्यों का आभार व्यक्त किया है ।



**कार्यक्रम में रामधुनि मंडली फागुनदाह की प्रस्तुति होगी**


## पलारी के ऐतिहासिक ओंकारेश्वर शिव मंदिर में 15-16 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पलारी के ऐतिहासिक, पुरातात्विक ओंकारेश्वर शिव मंदिर में 15 व 16 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा।

मंदिर के पुजारी पंडित अमित सरस भारती झा ने बताया की 15 फरवरी को सुबह 4 बजे ब्रम्हकालीन बेला में महामृत्युंजय मनोकामना ज्योती प्रज्वलित किया जाएगा फिर महाआरती होगी। दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक जय मां सरस्वती रामधुनी आमदी की प्रस्तुति होगी। शाम 4 बजे से 6 बजे तक बच्चों द्वारा नृत्य प्रहसन कार्यक्रम होगा। शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक जय मां सरस्वती बालकृष्ण रामधुनि मंडली फागुनदाह की प्रस्तुति होगी। 16 फरवरी को पुनः सुबह 5 बजे से हवन पूजन महाआरती होगी। प्रातः 10 बजे से शनि शांति, नवग्रह बाधा, काल सर्प दोष निवारण, पितृ दोष, मंगल दोष निवारण हेतु शांति यज्ञ पूजा होगा। दोपहर 12 बजे से महामृत्युंजय यज्ञ की पूर्णाहुति शुरू होगी। शाम 5 बजे से 7 बजे तक शिव कथा होगा, शाम 7 बजे से 11 बजे तक लोक सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम मयारू दावना ग्राम खपरी की पस्तुति होगी।

साथ ही महाराज ने बताया कि पलारी में अनुमानित 13वी – 14वी शताब्दी का नागवंशी राजाओ के शासन काल मे निर्मित प्राचीन शिव मंदिर है जो 16 स्तंभो पर टिका हुआ है, भीतर गर्भगृह में शिव लिंग की प्रतिमा स्थापित है, जहां दूर दराज से लोग अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते है। अन्य प्रदेश से भी लोग ज्योति कलश प्रज्वलित कराते है, इस बार करीबन 300 मनोकामना महामृत्युंजय ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जाएगा।







## खबर संक्षेप



### कोसा में लोक कला एवं मड़ई महोत्सव का भव्य आयोजन

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत सिकोसा में लोक संस्कृति और परंपरा को समर्पित लोक कला एवं मड़ई महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गुलशन कुमार साहू अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। महोत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक कला, लोक गीत, नृत्य एवं सांस्करीतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। अपने संबोधन में गुलशन कुमार साहू ने कहा कि लोक संस्कृति हमारी पहचान है और ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के लिए आयोजन समिति, ग्राम पंचायत सिकोसा एवं समस्त ग्रामवासियों की सराहना की।

### मकान में चल रहा था चर्च, गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान में चर्च चलाने के आरोप में पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने धारा धारा 299, बीएनएस, 04 छत्तीसगढ़ धर्म अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि एलआईजी 437 हाउसिंग बोर्ड चरोदा निवासी लोको पायलट वनलाल वर्मा ने शिकायत किया। मोहल्ला में सिकन्दर नाझील के मकान में निवासी म्यूरीहाईट बोरसी दुर्ग निवासी आशिष अचारी किराये पर लिया है। जहां हर रविवार की सुबह पंद्रह से बीस महिला पुरूष, परिवार समेत आकर प्रेयर करते है। जहां पर वाद्य यंत्रों का प्रयोग कर जोर-जोर से बजाते है। वनलाल वर्मा का आरोप है कि मकान में धर्मातंरण कराया जाता है। जिसे लेकर पुलिस में शिकायत किया था। आसपास के लोगों ने वाद्य यंत्रों का ध्वनि करने से दिक्कत है। इनके द्वारा धर्म और धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुंचाया जाता है।

### खड़े वाहन से बाइक टकराया, मौत

**भिलाई।** बीती रात एक बाइक सवार सड़क किनारे खड़ी वाहन से जा टकरा गया। घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पाटन पुलिस ने बताया कि मृतक का शिनाख्त बालोद पाकुरभाट निवासी विनोद यादव के रूप में हुई है। मृतक अपनी बेटी के घर डूंडेरा गया हुआ था। वहां से वापस बालोद लौटते समय घटना हुआ है। घटना ग्राम धूमामर्रा के पास सड़क किनारे खड़ी लकड़ी से भरी वाहन से बाइक टकरा गया। हादसा इतना जोरदार था कि विनोद यादव सिर पर हेलमेट पहना था जो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। विनोद के सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण ही मौके पर मौत हो गई। सड़क किनारे खड़ी वाहन उसे दिखा नहीं जहां हमेशा अंधेरा रहता था।

**योजना**

**वीबी जी रामजी योजना से आत्मनिर्भरता की ओर कदम**

# वीबी जी रामजी पर कार्यशाला हुई : अब 125 दिन मिलेगा रोजगार, श्रमिकों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/डौंडीलोहारा

ग्राम दुधली में आयोजित वीबी जी राम जी कार्यशाला में श्रमिकों और ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बना। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में मजदूरों के हित में सरकार की नई योजनाओं और सुविधाओं का विस्तार से खाका पेश किया। उन्होंने इस योजना को रोजगार के क्षेत्र में बड़ा कदम बताया और कहा कि अब 100 नहीं, 125 दिन का काम मिलेगा। उन्होंने बताया कि अब मनरेगा के तहत मिलने वाले रोजगार की सीमा को बढ़ा दिया गया है। पहले जहां साल में 100 दिन का रोजगार मिलता था, अब उसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है।

■ समय पर भुगतान और पारदर्शिता की गारंटी

इस कदम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और मजदूरों के हाथ में 25 दिनों का अतिरिक्त वेतन आएगा, जो उनके परिवार के आर्थिक उन्नति में सहायक होगा। सिर्फ रोजगार के दिन ही नहीं, बल्कि चंद्राकर ने कार्यशाला में कई अन्य महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं और सौगातों पर भी प्रकाश डाला। अपने भाषण में पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा, मजदूर राष्ट्र और समाज के निर्माता हैं। उनके पसीने की हर बूंद का सम्मान करना हमारी प्राथमिकता है। 125 दिन का रोजगार देना केवल श्रमिकों के जीवन में खुशहाली लाने की एक प्रतिबद्धता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीकरण कराएं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की सुविधाओं से वंचित न रहे।





वीबी जी रामजी योजना के अंतर्गत ग्रामीण श्रमिकों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा। जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं ग्राम पंचायतों में योजना के तहत डबरी निर्माण, तालाब गहरीकरण, सड़क, जल संरक्षण एवं अन्य श्रम आधारित कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा।
यह योजना ग्रामीण भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों की रोजगार गारंटी, समय पर मजदूरी भुगतान एवं स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

कार्यक्रम में बताया गया कि वीबी जी रामजी योजना, पूर्व की मनरेगा योजना का विस्तार करते हुए ग्रामीण श्रमिकों को अधिक रोजगार, बेहतर आय और सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। समयबद्ध मजदूरी भुगतान से श्रमिकों का शासन पर विश्वास बढ़ा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। उन्होंने जानकारी दी कि इस योजना के अंतर्गत यदि समयावधि में भुगतान नहीं होता है, तो श्रमिकों को ब्याज सहित राशि प्रदान की जाती है।

इससे मजदूरी भुगतान में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। वीबी जी रामजी योजना के माध्यम से जिले के गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण होगा, जिससे कृषि उत्पादन, जलस्तर सुधार और ग्रामीण अधोसंरचना को बल मिलेगा। इससे पलायन में कमी आएगी तथा महिलाओं एवं युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

कार्यशाला में सभापति जिला पंचायत बालोद चुन्नी मानकर, अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा लाल निवेंद्र टेकाम, संयोजक जी राम जी प्रीतम साहू, उपाध्यक्ष मण्डल हेमलाल देशलहरा, जनपद सदस्य यशराज शर्मा, कौशल्या ठाकुर, रोहणी पिस्दा टिकेश्वरी साहू, सुरेन्द्र देशमुख, उपाध्यक्ष नगर पंचायत नेहा, ममता यादव, सूर्यकला ठाकुर, रेवती कलियारी, त्रयोदश मुकेश सरपंच रजोली, हिरेंद्र गायकवाड़ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंच, सरपंचों और भारी संख्या में ग्रामीण महिला–पुरुषों ने हिस्सा लिया।



## विवेकानंद हाई स्कूल के 10 वीं के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

**डोंडी।** विवेकानंद हाई स्कूल डोंडी कक्षा 10 वीं के छात्र छात्राओं को जूनियर छात्रों द्वारा विदाई दिया गया, उनके आने वाले परीक्षा और भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दिया गया साथ ही जीवन के पाठ का महत्त्व और स्कूल के अनुशासित जीवन, संस्कार, शिक्षा माता-पिता और गुरुजनों के मान सम्मान और जीवन में सफलता असफलता के महता को बताकर जीवन जीने की कला को, परीक्षा की तैयारी और उससे संबंधित बातों को शिक्षकों द्वारा विस्तार से बताया गया। 10वीं के छात्रों द्वारा अपने स्कूल के जीवन के अनुभवों को साझा किया संचालन समिति के अध्यक्ष श्रवण राठौर, पालक समिति के अध्यक्ष अनिता मिश्रा और समस्त सदस्यों, विद्यालय के स्टाफ और छात्र छात्राओं द्वारा 10 वी के छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम का मंच संचालन दिपाली ने की।

इस अवसर पर पालक समिति के अध्यक्ष अनीता मिश्रा संचालन समिति के अध्यक्ष श्रवण राठौर, और समस्त सदस्य संस्था प्रमुख एस. आर. यादव शिक्षक एच के लेनपांडे, नेमीचंद, ममता, रानू, तोमिन, दिनेश्वरी, कविता प्रधान, भुनेश्वरी कविता, निधी सोनी टेशवरी, निशा, शालिनी,अंजलि, छात्र छात्राएं मधु, निगम, उपस्थित रहे।

## कुसुमकसा में स्मृति कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

कोबरा 11 क्रिकेट क्लब कुसुमकसा के तत्वाधान में आयोजित स्मृति कप क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा के मुख्य अतिथि वेद बाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, अनिल सुथार अध्यक्ष व्यापारी संघ कुसुमकसा, कृपाराम सिन्हा, डॉ देवेंद्र माहला ,सोमेश साहू, सेवक जेठवानी सहित पंचगणों के विशेष अतिथि में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्मृति शेष के छायाचित्र का पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, टास कराकर , अतिथियों ने बैटिंग व बालिंग कर क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ कराया। उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 21001 रुपए स्व झमकुबाई बाफना के स्मृति में संतोष बाफना द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 15001 रुपए स्व. कांतिलाल कुचेरिया के स्मृति में आशीष कुचेरिया द्वारा ,तृतीय पुरस्कार 11000 रुपए स्व कमला बाई गुणधर की स्मृति में मनीष गुणधर द्वारा प्रदाय किया गया साथ ही अनेक आकर्षक पुरस्कार खिलाड़ियों व दर्शकों के लिए ग्रामीणों द्वारा दिया गया है। योगेंद्र सिन्हा ने मुख्य अतिथि के आसंदी से इस तरह के खेल प्रतियोगिता से ग्रामीण अंचलों में छुपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है, खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने की सलाह दी, इस प्रतियोगिता के लिए आयोजन मंडल के सभी सदस्यों व दानदाताओं का आभार व्यक्त किया,कार्यक्रम का संचालन डॉ नसीम खान, हकीम खान द्वारा किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता का आंखों देखा हाल अब्दुल हसीब खान द्वारा कमेंट्री कर किया गया। इस अवसर पर संतोष जैन ,पंकज जेठवानी , प्रवीण जगनायक ,मनीष ठाकुर सहित क्रिकेट क्लब के सदस्य व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## भगवान श्रीराम के आदर्श ही हमारे जीवन का आधार रामायण हमें जीने की कला सिखाती है : ललित चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा



गांधी नगर अंडा में आयोजित तीन दिवसीय भव्य सस्वर मानसगान सम्मेलन का गरिमामय शुभारंभ दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधुओं और माताओं-बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम और हनुमान जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य नागरिकों का आत्मीय स्वागत पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने उपस्थित जनसमूह और मानस प्रेमियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा रामचरितमानस केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन का दर्पण है। आज के समय में भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना अत्यंत आवश्यक है। श्रीराम का चरित्र हमें त्याग, प्रेम, मर्यादा और सामाजिक समरसता का पाठ पढ़ाता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से न केवल हमारे संस्कार जीवित रहते हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। मानस का गान हमें जीवन जीने की सही कला और दिशा प्रदान करता है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति और स्थानीय नागरिकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता दाऊ राधेश्याम चन्द्राकर ने की। इस अवसर पर मंच पर विशेष रूप से उपस्थित गणमान्य नागरिकों में प्रमुख रूप से शामिल रहे, पदाधिकारी बिरेन्द्र साहू (उपाध्यक्ष), हेमेन्द्र कुमार चन्द्राकर (कोषाध्यक्ष/ समाजसेवी), तेजराम चौहान (सचिव/ समाजसेवी), यशवंत सिन्हा (सहसचिव)। विशिष्ट उपस्थिति जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर, संजु यादव, राधेश्याम चंद्राकर, तिलक चंद्राकर, अजय चौहान, फेकु चंद्राकर, संतोष निर्मलकर, झाडु सिन्हा , थनवार चंद्राकर, गुड्डु सेन, पूर्णिमा चंद्राकर (शिक्षक), पुकेश चंद्राकर एवं संजय चंद्राकर (शिक्षक) सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## जेवरतला में भव्य रामचरित मानस गान स्पर्धा का हुई



**गुरूर।** आदर्श मानस मंडली जेवरतला के तत्वाधान में भव्य रामचरित मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसके संध्या आरती के समय मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे और अध्यक्षता अनिल कुमार सार्वा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बताया की मानस गान प्रतियोगिता आयोजित करते हुए 35 साल हो गए है। इसके लिए आपका ग्राम जेवरतला धन्यवाद के पात्र है और मैं चाहूंगा कि जब भी इतना अच्छा हम कार्यक्रम करते हैं तो उनकी अच्छाई को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें और युवाओं को मार्गदर्शन देते हुए अपने मां–बाप का गुरु का सम्मान करने के लिए कहा गया और रामायण के माध्यम से सुनकर हम अपने परिवार के सास और बहू का संबंध अच्छा रहे और घर परिवार अच्छा चलाए कहा गया। इस अवसर पर आयोजक समिति आदर्श मानस मंडली एवं जनक नंदिनी महिला मानस मंडली जेवरतला एवं समस्त ग्राम वासियों की सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## डौंडीलोहारा में सकल जैन संघ द्वारा कुमकुम पत्रिका लेखन महोत्सव हुआ

**डौंडीलोहारा।** रविवार को सकल जैन संघ के तत्वाधान में कुमकुम पत्रिका लेखन महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन निपुणा श्रीजी मसा की शिष्या हँसकीर्तिजी मसा सहित साध्वी वृंद की सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विवेकानंद चौक से उपाश्रय जैन भवन तक बाजा–गाजा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। ध्वजा एवं कुमकुम पत्रिका को डौंडीलोहारा श्रीसंघ तथा अन्य शहरों से आए धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा श्रद्धापूर्वक उपाश्रय ले जाया गया।

उपाश्रय जैन भवन में विधिकारक विमल गोलछा रायपुर निवासी के मार्गदर्शन में संघ के श्रावक-श्राविकाओं एवं बाहर से आए संघ सदस्यों द्वारा विधिवत कुमकुम पत्रिका लेखन कराया गया। इस अवसर पर परमपूज्य हंसकीर्ति मसा ने कुमकुम पत्रिका लेखन के इतिहास, महत्व और धार्मिक भावार्थ की जानकारी दी, जिसे श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक सुना। सबसे पहले भगवान जिनेन्द्र (मंदिर) के सामने कुमकुम पत्रिका रखकर पूजा की जाती है, जिसे कुमकुम पत्रिका आलेखन विधान कहते हैं। इसमें





स्वास्तिक, मंगल कलश, ॐ, तीर्थंकरों के प्रतीक चिन्ह, और कुमकुम से सुसज्जित किया जाता है, जो सौभाग्य व पवित्रता का प्रतीक है। यह धार्मिक आस्था को दर्शाता है और इसमें मांगलिक अवसर पर मंगल कामना की जाती है। यह पारंपरिक निमंत्रण विधि समाज में धर्मानुराग, संस्कार और भक्तिमय वातावरण का संदेश देती है।

कुमकुम पत्रिका लेखन पूर्ण होने के बाद साध्वी वृंद एवं सकल समाज के श्रावक श्राविकाओं द्वारा स्थानीय जिनालय में विराजमान शांतिनाथ भगवान, गौतम स्वामी भगवान एवं दादा गुरुदेव को आगामी 25वां रजत ध्वजा महोत्सव में अदृश्य रूप से सपरिवार पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने की विनती की गई। रजत ध्वजा महोत्सव 20, 21 एवं 22 फरवरी को होगा। गौरतलब है कि 2001 में नगर के जैन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, तब से लेकर प्रतिवर्ष इसी दिवस पर हर्षोल्लास के साथ ध्वजा महोत्सव मनाया जाता है। कायमी ध्वजा के लाभार्थी परिवार के द्वारा विधिविधान से प्रतिवर्ष मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया जाता है। 25 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष रजत ध्वजा महोत्सव का कार्यक्रम विविध धार्मिक कार्यक्रम व साध्वी बृंद के सानिध्य में संपन्न होगा।

### परिधान और प्रसादी बनी विशेष आकर्षण

यह कार्यक्रम ध्वजा महोत्सव की श्रृंखला का प्रथम आयोजन था, जिसमें बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों सभी में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में संबलपुर, अछोली, पसौद, देवरी, भेड़ी, मालीघोरी, बालोद, दल्लीराजहरा, धमतरी, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, खरियार रोड सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए। इस अवसर पर पुरुष वर्ग सफेद परिधान एवं चुंदड़ी साफा, जबकि महिलाएं लाल साड़ियों में उपस्थित रहीं, जिससे आयोजन का दृश्य अत्यंत भव्य और अनुशासित नजर आया। संघवी दानवीर समाजरत्न स्व. राजेंद्र पारख को याद किया गया। कार्यक्रम के समापन पर संघ द्वारा गौतम प्रसादी का आयोजन किया गया।

### ग्राम भर्रीटोला में 12 को मड़ई मेला

**डोंडी।** ग्राम भर्रीटोला में 12 को मड़ई मेला, रात्रिकालीन कार्यक्रम में 'चम्पा बसन' नाच पार्टी बिखेरेगी जलवा भर्रीटोला: वनांचल क्षेत्र के ग्राम भर्रीटोला में आगामी 12 तारीख को पारंपरिक मड़ई मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दिन भर मड़ई की रौनक रहेगी, वहीं रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि इस वर्ष रात्रिकालीन कार्यक्रम में प्रसिद्ध 'चम्पा बसन' नाच पार्टी (भकुर्रा वाले) को आमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ी लोक कला और संस्कृति पर आधारित यह कार्यक्रम रात 9 बजे से शुरू होगा, जिसमें कलाकार अपनी प्रस्तुतियों देंगे। मड़ई मेले को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है। मेले में दूर-दराज से आने वाले व्यापारियों के लिए दुकानें सजनी शुरू हो गई हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों से इस पारंपरिक मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

### ग्राम चिंगरी में दो दिनी मानसगान सम्मेलन 14 से

**अंडा।** श्री विश्वरूप नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी अखिल ब्रह्मांड के नायक भगवान श्रीरामचंद्र जी की असीम कृपा से ग्राम चिंगरी में दो दिवसीय भव्य मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार सुबह 10 बजे उद्घाटन समारोह एवं दीप प्रज्वलन के साथ सम्माननीय अतिथियों द्वारा किया जाएगा। वहीं सम्मेलन का समापन रविवार रात्रि 10 बजे सम्माननीय अतिथियों की उपस्थिति में समापन समारोह के साथ होगा। मानसगान सम्मेलन के दौरान रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का सुमधुर गायन एवं भावपूर्ण प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होगी। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने हेतु श्री विश्वरूप नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़) द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। आयोजक समिति के सदस्य साकेत देशमुख, धनंजय देशमुख साकेत पटेल अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

डेनियल स्कीन & लेज़र क्लीनिक, धमतरी
LASER HAIR REMOVAL
VITILIGO/WHITE PATCH
LASER MOLE REMOVAL
TATTOO REMOVAL
FUNGAL INFECTION
HAIR TREATMENT
Awarded Best Skin Clinic in Chhattisgarh at Global Icon Award 2023
GLOBAL ICON AWARDS 2023
समस्त चर्म रोगों का ईलाज
चटर्जी अस्पताल, अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क सूत्र : 89650-27822 अग्रिम पंजीयन : 077222-96003
-: ओपीडी समय :-
सोमवार से शनिवार
सुबह 11 से शाम 6 बजे तक

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411